nt>

Title: Need to ensure implementation of Central schemes in Chatra, Bihar.

श्री धीरेन्द्र अग्रवाल (चतरा) : सभापति महोदय, केन्द्र द्वारा लागू की गई योजनाओं का लाभ हमारे क्षेत्र चतरा और आसपास के इलाके के लोगों को नहीं मिल रहा है। जिला प्रशासन द्वारा भी केन्द्र की योजनाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे कि सैकड़ों अनुसूचित जाति तथा अन्य गरीब तबके के लोग हमारा क्षेत्र छोड़कर पलायन कर रहे हैं। आर्थिक तथा सामाजिक क्षेत्र में हमारे क्षेत्र में कोई भी प्रगति नहीं है। व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण इस क्षेत्र का विकास नहीं के बराबर हुआ है। प्रखण्ड के गरीबी रेखा में पड़ने वाले अधिकांश लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित है। प्रखण्ड के विकास कार्यालय द्वारा केन्द्र की विकास योजनाओं को समुचित रूप से लागू नहीं किया जाता है।

अतः इस संबंध में सरकार से अनुरोध है कि इस क्षेत्र में केन्द्रीय योजनाओं की जांच की जाए।